हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 5 जुलाई 2025

11 अध्यापक को समय के साथ अपने को अपडेट...



12 पुलिस ने 6 गुम हुए मोबाइल फोन मालिकों को...



### डीसी ने किया बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा, अधिकारियों को अलर्ट रहने के दिए निर्देश

# राहतः पहाड़ों में बारिश थमने से घग्गर का जलस्तर घटा

# चांदपुर व रंगाई जैसे क्षेत्र बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील

**प्रशासन व तटबंधों पर बसे गांवों के लोगों ने राहत की सांस ली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पहाड़ों में बरसात थमने के बाद घग्गर के जलस्तर घट गया है। चार दिन पूर्व से यहां चांदपुरा व गुहला चीका साइफन पर जलस्तर लगातार बढ़ रहा था। शुक्रवार सुबह घग्गर जलस्तर रिकार्ड स्तर पर नीचे गिर गया। शुक्रवार को चांदपुरा साइफन पर जलस्तर 8 हजार क्यूसिक से कम होकर 3150 क्यूसिक रह गया, जिससे प्रशासन व तटबंधों पर बसे गांवों के लोगों ने राहत की सांस ली है। उधर, उपायुक्त मनदीप कौर ने शुक्रवार को चांदपुर साइफन और अन्य बाढ़ से प्रभावित होने वाले संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने अधिकारियोंक को सतर्कता बनाए रखने और राहत व बचाव कार्यों के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त मनदीप कौर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे बाढ़ प्रबंधन से जुड़ी सभी तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूरा करें और किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए निरंतर सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात के तौर पर हर स्तर पर तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति का सामना बिना विलंब के किया जा सके। पिछली बार बाढ़ से प्रभावित रहे गांव का दौरा करते हुए उपायुक्त ने बीडीपीओ और पंचायत द्वारा गांव के चारों ओर बाढ़ से बचाव के लिए किए गए प्रबंधों की सराहना की। पहाड़ों में बरसात थमने के बाद घग्गर के जलस्तर घट गया है। चार दिन पूर्व से यहां चांदपुरा व गुहला चीका साइफन पर जलस्तर लगातार बढ़ रहा था। शुक्रवार सुबह घग्गर जलस्तर रिकार्ड स्तर पर नीचे गिर गया। शुक्रवार को चांदपुरा साइफन पर जलस्तर 8 हजार क्यूसिक से कम होकर 3150 क्यूसिक रह गया, जिससे प्रशासन व तटबंधों पर बसे गांवों के लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि 29 जून को गुहला चीका में सुबह 6 बजे 4620 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया जबकि शाम को यहां पानी का बहाव 3850 क्यूसिक पानी का बहाव था। जबकि चांदपुरा में सुबह 800 व शाम को 900 क्यूसिक पानी का बहाव था। एक जुलाई को गुहला चीका में 23912 व चांदपुरा में 1300 क्यूसिक बहाव दर्ज किया गया। दो जुलाई को सुबह 6 बजे गुहलाचीका में 22176, खनौरी में 5800 व चांदपुरा में 3550 क्यूसिक पानी का बहाव था। दो जुलाई को शाम की रिपोर्ट के अनुसार गुहला चीका में 20020, खनौरी में 6000 तो चांदपुरा में रिकार्ड स्तर 5350 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया था। वीरवार को सुबह 6 बजे की रिपोर्ट के अनुसार गुहला चीका में 21252, खनौरी में 6050 व चांदपुरा में 8 हजार क्यूसिक बहाव दर्ज किया गया वहीं शाम को गुहला चीका में पानी कम होकर 19255 क्यूसिक रह गया जबकि खनौरी व चांदपुरा में वॉटर डिस्चार्ज 6050 व 8 हजार क्यूसिक ही चलता रहा।





फतेहाबाद। जिला के संभावित बाढ़ क्षेत्रों का दौरा करतीं उपायुक्त मनदीप कौर व मिट्टी के बैग भरते हुए मनरेगा मजदूर। फोटो :हरिभूमि

### मिट्टी के बैग भरने का कार्य किया जा रहा

इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पिछली बार प्रभावित रहे गांवों में इस बार एहतियातन बांध निर्माण और मिट्टी के बैग भरने का कार्य भी किया जा रहा है। पिछली बाढ़ के दौरान कई वर्षों की तुलना में सर्वाधिक जलस्तर दर्ज किया गया था, जिसे प्रशासन ने समय रहते प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस बार भी प्रशासन पूरी तैयारी, सतर्कता और समन्वय के साथ स्थिति पर पूर्ण रूप से नियंत्रण बनाए रखेगा। चांदपुर और रंगाई जैसे क्षेत्र बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील हैं, जहां किसी भी समय जलप्रवाह तेज हो सकता है।

### टीमों को रखा गया अलर्ट मोड़ पर

डीसी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन सतर्क है और किसी भी आपात सूचना पर त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के एसडीएम के साथ समन्वय बनाए रखें और नियमित रूप से स्थिति की जानकारी साझा करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी अधिकारी बिना पूर्व अनुमति के अपने स्टेशन को नहीं छोड़ेगा तथा अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेगा। प्रशासन का लक्ष्य है कि जनजीवन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और हर नागरिक सुरक्षित रहे।

### एसडीएम ने भी किया दौरा

उपायुक्त द्वारा किए गए निरीक्षण और जारी निर्देशों की अनुपालना करते हुए एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने भी नड़ैल, म्योंद खुर्द व कला, रंगाई नाला, रत्थाथेह तथा तलवाड़ा सहित अन्य संभावित प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। एसडीएम ने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उपायुक्त द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर एसडीएम प्रतीक हुड्डा, सिंचाई विभाग के एसई राजेश कुमार, नायब तहसीलदार रोहित कौशिक, रसविंदर सिंह, एक्सईएन श्याम, एसडीओ संजीव सिंगला, महेन्द्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### हिम्मतपुरा, नन्हेड़ी, पूर्ण माजरा, हैदरवाला व मामूपुर में मिट्टी के सैंकड़ों बैग तैयार

खंड पंचायत एवं विकास अधिकारी हनीश कुमार के नेतृत्व में टोहाना ब्लॉक के 7 गांवों में घग्गर के तटबंधों को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को स्वयं खंड पंचायत अधिकारी हनीश कुमार ने विभिन्न गांवों का निरीक्षण करते हुए स्थिति का जायजा लिया। विभाग के अनुसार मनरेगा मजदूरों द्वारा हिम्मतपुरा में 1500 बैग, गांव नन्हेड़ी में 900, पूर्णमाजरा में 350, हैदरवाला में 400, मामूपुर में 200 व हिंदलवाला में 400 बैग मिट्टी के भर दिए गए है, जिसे घग्गर नदी के किनारों पर लगाया गया है ताकि जलस्तर बढने पर स्थिति से निपटा जा सके। आपको बता दे कि पहले भी वर्ष 2023 में जब घग्गर का जलस्तर बढ़ गया था तो हिम्मतपुरा, पूर्णमाजरा, सहित अनेक गांवों के खेतों में पानी घुस गया था जिससे फसलों को भारी नुकसान हुआ था।

## बाढ़ आने की स्थिति में जिले के किसी 33 केवी सब स्टेशनों में न घुसे पानी, व्यापक प्रबंध किए जाएं

*एसई ने कार्यकारी अभियंताओं को लिखा पत्र*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसई ऑपरेशन सर्कल ने फतेहाबाद व टोहाना के कार्यकारी अभियंताओं को पत्र लिखकर कहा है कि बाढ़ आने की स्थिति में जिले में किसी भी 33 केवी सब स्टेशन में पानी न घुसे, सब स्टेशनों के अंदर और आसपास जल भराव को रोकने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। इसके अलावा लटकती तारें, झुके हुए खंबों को भी दुरूस्त किया जाए। बाढ़ की स्थिति में राहत शिविरों में तत्काल बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और सिंचाई विभाग को पानी निकालने के लिए अस्थाई कनैक्शन देने में देरी न की जाए। उपायुक्त मनदीप कौर के साथ बैठक के बाद कार्यकारी अभियंताओं को जारी पत्र एसई ऑपरेशन सर्कल ने कहा कि फतेहाबाद जिले की नदियां उफान पर हैं। बारिश का मौसम अभी शुरू हुआ है, ऐसे में बाढ़ की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। बाढ़ आने की स्थिति में राहत कार्य व बचाव के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम को तैयार रहना होगा। इसके लिए जमीन पर पड़े सभी केबल व नीचे लटकती तारों की जांच कर उन्हें सुधारा जाए। तारों, कंडक्टरों व केबलों में कहीं भी ढीलापन है तो उन्हें बिना देरी के ठीक किया जाए ताकि कोई अप्रिय घटना न घट सके। 33 केवी सब स्टेशनों में पानी न घुसे, इसके लिए इनके चारों ओर पर्याप्त व्यवस्था की जाए। झुके हुए खंबों को सही किया जाए। बाढ़ आने की स्थिति में राहत शिविरों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। पानी निकालने के लिए सिंचाई विभाग को अस्थाई बिजली कनैक्शन देने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए। खासकर जहां आवेदन लंबित है। इसके अलावा विभाग को प्राप्त किसी भी नए आवेदन को बिना किसी देरी के कार्रवाई की जाए।




### खबर संक्षेप

**दुकान से हजारों की नकदी चोरी, युवक पर केस दर्ज**

**फतेहाबाद।** चोर ने फतेहाबाद शहर में एक दुकान में घुसकर नकदी चोरी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में डीएसपी रोड फतेहाबाद निवासी हेमंत कुमार ने कहा है कि उसकी सैन्ट्रल बैंक वाली गली, फतेहाबाद में दुकान है। गत दिवस एक युवक उसकी दुकान में घुस गया और वहां से 2500 की नकदी चोरी कर ले गया है। आरोपी की पहचान प्रवीन कुमार पुत्र हंसराज निवासी आदमपुर के रूप में हुई है।

**हेरोइन सहित एक युवक को किया गिरफ्तार**

**फतेहाबाद।** जाखल पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान कांता राम पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी बाजीगर बस्ती, जाखल के रूप में हुई है। सूचना पर पुलिस बाजीगर बस्ती पहुंची और शक के आधार पर उसकी तलाशी में 4.17 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

**जिले से एक युवती सहित दो लोग लापता**

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक युवती सहित दो लोगों के लापता होने का समाचार है। दोनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पहले मामले में भट्टूकलां पुलिस को दी शिकायत में गांव गदली निवासी युवक ने कहा है कि उसकी 20 वर्षीय बहन गत दिवस घर पर बिना बताए कहीं चली गई है और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। दूसरे मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने चौखंडी मोहल्ला टोहाना निवासी हरपाल सिंह की शिकायत पर 26 वर्षीय लड़के बाबू के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

## दीवार तोडक़र दुकान में घुसे चोर लाखों रुपये के फोन उड़ा ले गए

*भिरड़ाना में वारदात, पुलिस मामले की जांच में जुटी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के गांव भिरडाना में शुक्रवार अलसुबह चोरों ने एक मोबाइल शॉप में घुसकर लाखों रुपये के मोबाइल चोरी कर ले गए। चोर दुकान की पिछली दीवार तोडक़र अंदर घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब दुकान मालिक दुकान पर आया तो उसे चोरी का पता चला।

सूचना मिलते ही थाना सदर फतेहाबाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। चोरी की वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस चोर की तलाश में जुटी है। गांव भिरड़ाना स्थित आरके मोबाइल शॉप के संचालक मुकेश वर्मा ने बताया कि गुरूवार रात को वह दुकान को बंद करके घर चला गया था। शुक्रवार सुबह जब वह दुकान पर आया और दुकान का शट्टर खोला तो पाया कि दुकान में सारा सामान बिखरा पड़ा था। जब उसने अंदर जाकर जांच की तो पाया कि दुकान के पीछे की दीवार भी टूटी हुई थी। दुकान मालिक ने बताया कि चोर पीछे की दीवार तोडक़र दुकान में घुसा और लाखों रुपये के मोबाइल चोरी कर ले गया है। इसके बाद उसने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज जांची तो पाया कि एक युवक दुकान से मोबाइल चोरी कर रहा है। युवक का चेहरा भी फुटेज में साफ नजर आ रहा है। दुकानदार ने बताया कि उसने थाना प्रभारी कुलदीप सिंह को फुटेज सौंप दी है।




फतेहाबाद। भिरड़ाना में चोरी मामले में जांच करती पुलिस टीम।

**आरोपी जल्द पकड़ा जाएगा**

सदर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपी को काबू कर लिया जाएगा।



**अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़**

**डबवाली।** पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश कर गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनसे पांच चोरीशुदा बाइके बरामद की हैं। डबवाली के स्पेशल स्टाफ प्रभारी अरविंद ने बताया कि आरोपियों की पहचान गुरप्यार सिंह उर्फ गुरी उर्फ एमपी पुत्र गुरलाभ सिंह निवासी शेरगढ़ व जीवन पुत्र लबु सिंह निवासी नगराना थाना संगरिया जिला हनुमानगढ़ राजस्थान के रूप में हुई है। अजय कुमार निवासी डबवाली ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि उसने अपनी बाइक 23 जून को नगर परिषद कार्यालय के बाहर गली में खड़ी की थी चोरी हो गई। पुलिस ने गोल बाजार पुलिस के साथ मिलकर आरोपियों को चोरीशुदा बाइक के साथ काबू किया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान संगरिया हनुमानगढ व कोटकपूरा पंजाब से बाइक चोरी की चार वारदातें कबूल की हैं।

## आधा किलो अफीम बरामद, दो तस्कर स्कॉर्पियो सहित काबू

*इसकी कीमत सवा लाख बताई*

- पुलिस ने गांव गंगा से गांव जंडवाला बिश्नोईयां रोड पर नाकाबंदी के दौरान तस्करों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस ने दो युवकों को करीब सवा लाख रुपये की करीब आधा किलोग्राम अफीम व गाड़ी स्कॉर्पियो सहित काबू किया है। आरोपियों की पहचान अरविंद कुमार पुत्र सुभाष चंद्र निवासी अबूबशहर व नरेंद्र कुमार पुत्र दलीप सिंह निवासी जंडवाला जाटान के रूप में हुई है। एएनसी स्टाफ प्रभारी सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस को सूत्रों से सूचना मिली कि दो युवक अपनी गाड़ी में नशा तस्करी का काम करते हैं और आज भी नशा तस्करी की फिराक में है।

सूचना पाकर पुलिस ने गांव गंगा से गांव जंडवाला बिश्नोईयां रोड पर नाकाबंदी शुरू की तो कुछ समय बाद एक स्कॉर्पियो गाड़ी आती दिखाई दी।

पुलिस ने गाड़ी को रूकवा कर गाड़ी में सवार दोनों युवकों को काबू करके तलाशी ली तो आरोपियों के कब्जे से अफीम बरामद हुई। आरोपियों अरविंद कुमार व नरेंद्र कुमार को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ कर इस अफीम तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों बारे जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।



सिरसा। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी।

## एमएम कॉलेज का परिणाम शानदार बीकॉम में वंशिका ने किया विवि टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी, सिरसा द्वारा घोषित मई 2025 परीक्षा परिणाम में फतेहाबाद के मनोहर मैमोरियल कॉलेज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर परचम लहराया है। प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास, स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को बधाई दी है। एमएम कॉलेज परीक्षा इंचार्ज डॉ. विजय गोयल ने बताया कि सीडीएलयू द्वारा हाल ही में मई 2025 परीक्षा के छठे समेस्टर का परिणाम घोषित किया गया है। बीकॉम में वंशिका ने यूनिवर्सिटी टॉप करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। बीकॉम में प्रियंका ने 5वां और प्रेरणा ने 10वां स्थान हासिल किया। बीसीए छठे समेस्टर में कॉलेज की साधना ने तीसरा, वीनु ने चौथा और माया ने यूनिवर्सिटी में आठवां स्थान हासिल किया। बीए पंजाबी ऑनर्स छठे समेस्टर में कॉलेज की छात्रा उर्मिला ने यूनिवर्सिटी में जहां तीसरा स्थान हासिल किया वहीं गुलाब सिंह ने चौथा, गुरमीत कौर ने छठा, संदीप सिंह ने सातवीं तथा कोमल शर्मा नौंवे स्थान पर रही। बीएससी नॉन मेडिकल छठे समेस्टर में कॉलेज की छात्रा महक यूनिवर्सिटी में पांचवें स्थान पर रही वहीं बीए छठे समेस्टर में हरमन कौर ने यूनि. में 10वां स्थान हासिल किया है।

### जिला जेल में कैदियों को नशे के विरुद्ध किया जागरूक

## आत्मजागृति से आत्म सुधार की यात्रा ही विलक्षण योगः स्वामी विज्ञानानंद


*कारागार परिसर में स्वामीजी ने पौधरोपण किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से अपने कारागार सुधार परियोजना एवं पुनर्वास कार्यक्रम अंतरक्रांति प्रकल्प के अंतर्गत स्थानीय जिला कारागार सिरसा में कैदियों के सर्वांगीण विकास के लिए विलक्षण योग और ध्यान साधना शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वामी विज्ञानानंद ने कैदियों से कहा कि भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में युवा वर्ग के पास भौतिक सुख सुविधाएं तो हैं, परंतु मानसिक शांति न होने के कारण वह चिंता एवं अवसाद से मुक्ति के लिए नशे की दलदल में फंसकर अपनी चारित्रिक शक्ति और नैतिक मूल्यों का ह्रास कर रहा है। नशे की परिभाषा देते हुए स्वामी जी ने कहा कि जिसमें तनिक भी शांति नहीं, वही नशा है। स्वामी जी के अनुसार अवसाद से मुक्ति का उपाय नशा नहीं अपितु इस मानसिक व्याधि को खत्म करने के लिए आत्मिक शक्ति के विकास की आवश्यकता है। हमारे राष्ट्रभक्तों ने राष्ट्रभक्ति का नशा किया और चारित्रिक विकास से ओतप्रोत हो भारत माता को स्वतंत्रता दिलाई। चरित्र भारत भूमि का आधार है और आज उसी धर्म भूमि भारत में अधिकतर युवा शक्ति का चारित्रिक पतन हो रहा है। स्वामीजी ने कैदियों को ताड़ासन, ब्रह्मचर्य आसन, वीर भद्रासन, पाद चालन, स्कंध चालन, नाड़ी शोधन प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, सीत्कारी प्राणायाम इत्यादि यौगिक क्रियाओं का विधिवत अ यास कराया। स्वामीजी ने कारागार परिसर में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में कारागार अधीक्षक जसवंत सिंह व उप अधीक्षक मोहन सिंह की भी उपस्थिति रही।



सिरसा। जेल में कैदियों को योग करवाते हुए।



# बिग बी ने शेयर की शानदार तस्वीर केबीसी के सफर को किया याद

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने केबीसी के 25 साल पूरे होने के सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक खास और शानदार तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, 3 जुलाई 2025 को, जब मैं इस साल के केबीसी सीजन की तैयारी कर रहा था, मुझे केबीसी टीम ने बताया - 3 जुलाई 2000 को केबीसी का पहला प्रसारण हुआ था...25 साल, केबीसी का जीवन। अमिताभ बच्चन की इस शानदार पोस्ट पर कई सेलेब्स ने जमकर कमेंट किए। एक्ट्रेस निमरत कौर ने लिखा, 'क्या विरासत है सर...अद्वितीय', रोनित रॉय ने लिखा, 'वाह! इस उपलब्धि की ऊंचाई को शब्दों में बयां करने के लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है। बधाई हो सर', सौरभ अहेर ने लिखा, महानायक। एक फैन ने लिखा, 'कौन बनेगा करोड़पति के 25 शानदार साल!

लाइफ Style



# कोंकणा

## मेनस्ट्रीम हीरोइन वाला सपना कभी मेरा नहीं था


कोंकणा सेन शर्मा हमेशा से कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा की पहचान रही हैं। ऐसे में स्वाभाविक था कि बातचीत के दौरान उनसे यह पूछा जाए कि क्या कभी उन्हें लगा कि करण जौहर उन्हें शाहरुख खान के साथ किसी फिल्म में कास्ट करेंगे? इस सवाल पर कोंकणा मुस्कुराईं और बेझिझक बोलीं, 'वो मेरा जोन कभी रहा ही नहीं। वैसे भी बहुत सारे लोग उस जोन में बहुत अच्छा काम करते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वो मेरी ताकत है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मैं किसी भी तरह की कहानी के लिए तैयार हूं, बशर्ते किरदार अच्छा हो, निर्देशक अच्छा हो। लेकिन वो 'मेनस्ट्रीम हीरोइन' वाला सपना कभी मेरा नहीं था।' अपने 14 साल के बेटे को लेकर कोंकणा बताती हैं कि वो मेरी ज्यादातर फिल्में देख नहीं पाता, क्योंकि वो थोड़ी गंभीर होती हैं। अभी वो मार्वल, अवेंजर्स जैसी फिल्में देखता है। लेकिन अब मैं उसे एक इंसान के रूप में जान रही हूं। उसकी अपनी पसंद, सोच, संवेदनशीलता उभर रही है, और एक मां के लिए यह देखना बहुत ही खास अनुभव है। बेटे के एक्टिंग में आने पर कोंकणा का कहना है कि बिल्कुल अगर वो करना चाहे तो मुझे कोई आपत्ति नहीं। लेकिन हां, पहले पढ़ाई तो पूरी करनी ही होगी।

वर्कफ्रंट की बात करें तो 'मेट्रो इन दिनों' के बाद कोंकणा जल्द ही अपनी मां अपर्णा सेन की फिल्म 'द रेपिस्ट' में नजर आएंगी। इसके अलावा उन्होंने प्रतिभा रांटा के साथ एक फिल्म की है। वहीं हॉटस्टार के लिए एक वेब सीरीज 'किलिंग' भी कर रही हैं। साल 2007 में अनुराग बसु की फिल्म 'लाइफ इन अ मेट्रो' में इरफान खान और कोंकणा सेन शर्मा की जोड़ी ने ऑडियंस के दिलों में एक खास जगह बना ली थी। एक साधारण सी लगने वाली कहानी को दोनों ने अपनी संजीदा अदाकारी से बेहद खास बना दिया था।

हॉलीवुड मसाला



# एफ 1 ने बॉक्स ऑफिस पर बनाई पकड़

**मुंबई।** इस हफ्ते भारत में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। ऐसे में 'एफ1' ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी अच्छी पकड़ बनाई है। जहां भारत में इन दिनों बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन कम हो गया है, वहीं हॉलीवुड फिल्म 'एफ 1' अच्छी कमाई कर रही है। ओपनिंग डे पर 5.5 करोड़ रुपए का कारोबार करने वाली इस फिल्म ने पहले रविवार को सबसे ज्यादा 8.15 करोड़ रुपए का कारोबार किया। बुधवार को फिल्म का कलेक्शन 3.48 करोड़ रुपए रहा। गुरुवार को फिल्म ने अच्छा कलेक्शन करते हुए 2.51 करोड़ रुपएका कारोबार किया है।




# प्रियंका ने हॉलीवुड फिल्म में दिखाया जबरदस्त एक्शन

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी दमदार एक्टिंग से एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा पहचान चुकी हैं। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी नई हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट'को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म भारत में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने 4 जुलाई को अपने फिल्म के सेट से एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका दमदार एक्शन देखने को मिला, जिसमें उन्हें एक्शन करते देखा जा रहा है। प्रियंका चोपड़ा के इस वीडियो देखकर फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक सीन में वह जोर से दरवाजे पर पैर मारती हैं जिससे वो टूट जाता है। वहीं दूसरे सीन में वह बंदूक लेकर जबरदस्त एक्शन करती दिखती हैं। शूट के दौरान थकने के बाद भी वह फिर से एनर्जी के साथ एक्टिंग करती नजर आती हैं। वहीं, आगे ऐसा लगता है कि वह सीन करते हुए थकने वाली है, लेकिन अचानक फिर से शूट करने के लिए तैयार हो जाती हैं।



# असली खुशी दूसरों को मौका देने में

**मुंबई।** पद्मश्री कैलाश खेर का मानना है कि असली खुशी दूसरों को मौका देने में है। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि 'नई उड़ान'एक खास संगीत मंच है, जिसे उन्होंने नए गायक-कलाकारों को मौका देने के लिए शुरू किया है। हर साल होने वाले इस इवेंट में देशभर से नए टैलेंट को चुना जाता है और उन्हें बड़ा मंच दिया जाता है। भारत की फिल्म इंडस्ट्री में भले ही तमाम कलाकार हों, लेकिन कोई किसी का हाथ नहीं थामता। जब कोई खुद स्थापित हो जाता है, तो दूसरों की चिंता नहीं करता। हमें लगा, यह रवैया बदलना चाहिए। हमने ठाना कि हम हर साल अपने जन्मदिन पर एक नई परंपरा निभाएंगे - केक नहीं काटेंगे, बल्कि हुनर का दीप जलाएंगे। इस मंच का मकसद है नए टैलेंट को ढूंढना, उन्हें तराशना, संवारना और भव्य रूप से लॉन्च करना।



# किसान की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** बॉलीवुड के अभिनेता सोनू सूद लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर वह सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में एक ऐसे किसान की वीडियो वायरल हुई जिसके पास खेत जोतने के लिए बैल नहीं थे। इसलिए उस किसान ने खुद से ही खेत जोतना शुरू कर दिया। सोनू सूद ने इस किसान को बैल देने का ऐलान किया है। लातूर जिले के हडोल्टी गांव के एक किसान का वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हुआ। इस वीडियो में किसान खुद से खेत जोत रहा है। सोनू सूद ने जब यह वीडियो देखा तो उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा 'आप नंबर भेजिए हम बैल भेजते हैं।' यही नहीं एक यूजर ने कहा कि बैल की जगह पर ट्रैक्टर भेज दो। इस पर सोनू सूद ने कहा 'हमारे इस किसान को ट्रैक्टर चलाना नहीं आता, इसलिए बैल ही बढ़िया है दोस्त।'

टीवी मसाला



# एकता ने शेयर किया 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का वीडियो

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्में और टीवी सीरियल्स की मशहूर निर्माता-निर्देशक एकता कपूर ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर अपने सुपरहिट सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का एक दिलचस्प वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में एकता भी नजर आ रही हैं। वह एक-एक करके घर के सभी सदस्यों से गले मिलती नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर हल्की सी मुस्कुराहत भी दिख रही है। एकता ने इस शानदार वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, धन्यवाद-इसलिए जब हमने 1000 एपिसोड पूरे कर लिए तो मैंने एक सुपर फिल्मी एंट्री की।' एकता का टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय रहा है, खासतौर पर महिला दर्शकों के बीच इस शो की काफी चर्चा रही है। यह एक हिंदी धारावाहिक है, जो 3 जुलाई 2000 से 6 नवंबर 2008 तक स्टार प्लस पर प्रसारित हुआ था। इस शो का निर्माण शोभा कपूर और एकता कपूर ने अपने बैनर बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत किया था।

# लाफ्टर शेफ 2 में कृष्णा ने एल्विश को किया ट्रोल

**नई दिल्ली।** एल्विश यादव का कंट्रोवर्सी से पुराना नाता है। इस इंफ्लुएंसर पर एक पुलिस केस भी हो चुका है। इसी केस की याद एल्विश यादव को कृष्णा अभिषेक याद दिलाते दिखे। साथ ही इस दिक्कत से एल्विश बाहर कैसे आ सकते हैं? इस बात का समाधान पाने की कोशिश करते हुए कृष्णा नजर आए। हाल ही कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर एक प्रोमो 'लाफ्टर शेफ 2' का साझा किया गया है। इसमें कृष्णा अभिषेक एल्विश की चुटकी लेते नजर आ रहे हैं। इस स्पेशल एपिसोड में कई सारी पंडित आए हैं, इनके लिए शो के कंटेस्टेंट्स को खाना बनाना है। इसी बीच एल्विश के केस के बारे में कृष्णा, एक पंडित जी से पूछते हैं, हमारा लड़का काफी परेशान है, इसका केस कब क्लीयर होगा। आगे वीडियो में पंडित जी कहते हैं, जब इनके घर में पत्नी आएगी तो सारी दिक्कतें दूर होंगी। इस पर कृष्णा और एल्विश हंसने लगते हैं।



# काजोल-पृथ्वीराज की सरजमीं का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** 'मेरे लिए सरजमीं की सलामती से बढ़कर मेरे लिए कुछ भी नहीं।' इब्राहिम अली खान, काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर सरजमीं का ट्रेलर शुक्रवार को जारी हुआ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर की काफी चर्चा रही थी। अब एक हफ्ते बाद ही मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में इब्राहिम अली खान एकदम अलग और दमदार अंदाज में देखने को मिलेंगे।

ट्रेलर की शुरुआत में इब्राहिम अली खान पीछे से दिखाए जाते हैं। वो सेना की वर्दी पहने और हाथ में रिवॉल्वर लिए बर्फ पर चल रहे हैं। अचानक वो थक कर वहीं बैठ जाते हैं। इसके साथ ही एक वॉइस ओवर चल रहा है जिसमें कहा जाता है 'तुम्हें पता है कुछ घाव ऐसे होते हैं, जो तब तक नहीं मिटते हैं, जब तक उनकी याद नहीं मिट जाती है।' 2 मिनट 13 सेकंड के इस ट्रेलर में भरपूर एक्शन देखने को मिलता है। ट्रेलर से पता चलता है कि इब्राहिम अली खान फिल्म में काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन के बेटे हरमन का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म एक परिवार की कहानी है। जहां एक आर्मी ऑफिसर का बेटा किन्हीं परिस्थितियों में आतंकवादी बन जाता है। पिता आर्मी में और बेटा आतंकवादी, ऐसे में मां की ममता अपने बेटे से खत्म नहीं होती। फिल्म का प्लॉट काफी घिसा-पिटा मालूम होता है। ट्रेलर में पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान के बीच जबरदस्त फेस ऑफ देखने को मिला है। जिससे उम्मीद है कि फिल्म में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। फिल्म के लिए इब्राहिम ने अपने फिजिक पर काफी मेहनत की है, जो उनके लुक में दिखता है। ट्रेलर में इब्राहिम के दो लुक सामने आए हैं, एक शेव्ड और एक बियर्ड वाला। ट्रेलर में काजोल एक बेटे की ममता में डूबी मां के किरदार में हैं।

# दर्शकों को पसंद आई अनुराग बसु की मेट्रो इन दिनों



**मुंबई।** अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो इन दिनों शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ये फिल्म इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल है। क्योंकि, साल 2007 में आई 'लाइफ इन अ मेट्रो' आज भी दर्शकों को पसंद है और वो लंबे समय से एक ऐसी ही फिल्म का इंतजार कर रहे थे। अब 18 साल बाद अंततः अनुराग बसु फिर अपनी अगली मेट्रो लेकर आए हैं 'मेट्रो इन दिनों'। फिल्म को क्रिटिक्स से काफी सराहना मिल रही है। अनुराग बसु की फिल्मों को लेकर ऐसा माना जाता है कि वो आम लोगों की कहानी को बताते हैं। क्रिटिक्स तो 'मेट्रो इन दिनों' को लेकर भी ऐसा ही बता रही है। एक यूजर ने लिखा, 'एक दिल को छू लेने वाला सिनेमाई अनुभव। एक ऐसी फिल्म जो आपके साथ रहती है। खासकर शहरी दर्शक, गहराई से जुड़ेंगे।' एक अन्य यूजर ने फिल्म के संगीत की तारीफ करते हुए लिखा, 'हिंदी सिनेमा में संगीत को कथा में शामिल करने में अनुराग बसु से बेहतर कोई नहीं है।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'मेट्रो...इन दिनों एक दिल को छू लेने वाली और बेहतरीन तरीके से शूट की गई फिल्म है। प्रीतम का म्यूजिक वाकई अच्छा है और फिल्म में एक अच्छा एहसास जोड़ता है। अभिनय हर तरफ से दमदार है। कुछ हिस्से धीमे हैं, लेकिन कुल मिलाकर, यह एक खूबसूरत फिल्म है।'एक यूजर ने फिल्म को इमोशंस से भरी यात्रा बताते हुए मेट्रो इन दिनों की तारीफ की। साथ ही यूजर ने फिल्म को साढ़े तीन स्टार भी दिए। फिल्म को लेकर यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आई हैं। एक यूजर ने फिल्म को औसत बताया। यूजर ने कहा कि फिल्म में कुछ भी अलग या खास नहीं है।

## सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को दी नई दिशा

# एडवोकेट जनरल का बेटा बना सिनेमा की दुनिया का बादशाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जिंदगी में कभी-कभी ऐसे पल आते हैं जो हमें तोड़कर रख देते हैं और सपनों को राख में बदल देते हैं। लेकिन, वही राख कुछ लोगों के लिए उड़ने के नए पंख बन जाती है। बी. एन. सरकार की कहानी कुछ ऐसी ही प्रेरणादायक मिसाल है। वह सिर्फ एक फिल्म निर्माता नहीं थे, बल्कि सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को नई दिशा दी। साल 1940 में एक आग ने उनका पूरा न्यू थिएटर्स स्टूडियो, रिकॉर्डिंग्स और वर्षों की मेहनत को जला दिया। ऐसे समय में अगर कोई आम इंसान होता तो शायद टूट जाता, लेकिन बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी।

उन्होंने उस राख से फिर अपने सपनों को जिंदा किया, नए कलाकारों को मंच दिया और भारतीय सिनेमा को फिर से ऊंचाइयों तक पहुंचाया। बी. एन. सरकार का पूरा नाम बीरेंद्रनाथ सरकार था। उनका जन्म 5 जुलाई 1901 को बिहार के भागलपुर में हुआ था। उनके पिता, सर निरेंद्रनाथ सरकार, बंगाल के पहले एडवोकेट जनरल थे, उनके परदादा पीरी चरण सरकार ने अंग्रेजी भाषा की पहली भारतीय टेक्स्टबुक लिखी थी।



### टिकट के लिए लंबी लाइन देख आया बिजनेस का आइडिया

बी. एन. सरकार ने कोलकाता के प्रसिद्ध हिंदू स्कूल से पढ़ाई करने के बाद लंदन यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की. विदेश से लौटने के बाद उन्होंने कोलकाता में बतौर इंजीनियर कॅरियर की शुरुआत की, लेकिन वह अपना बिजनेस करना चाहते थे। एक दिन उन्होंने सिनेमा हॉल के बाहर टिकट के लिए लंबी लाइन देखी तो उन्होंने इसे अपने व्यवसाय के तौर पर शुरू करने का फैसला लिया, जहां लोग बिना देखे ही टिकट खरीदने को तैयार थे। यहीं से उन्होंने फिल्म निर्माण में कदम रखा।

### सुभाष चंद्र बोस ने लॉन्च किया था सिनेमा हॉल

उन्होंने पहले चित्रा सिनेमा हॉल का निर्माण कराया, जिसका उद्घाटन नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने किया था। इसके बाद 1931 में उन्होंने न्यू थिएटर्स की स्थापना की, जो आने वाले दशकों में भारतीय सिनेमा की ताकत बना। शुरुआती कुछ फिल्में असफल रहीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। देवदास, चंडीदास और भाग्य चक्र जैसी फिल्मों की सफलता ने उन्हें सिनेमा की दुनिया का बादशाह बना दिया। उन्होंने केवल फिल्में नहीं बनाईं, बल्कि तकनीक, कला और भारतीय संस्कृति के अद्भुत संगम का आंदोलन खड़ा किया।

### फुटबॉल मैच देखते हुए मिली थी बुरी न्यूज

बी. एन. सरकार का न्यू थिएटर्स तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक योगदान और रचनात्मकता के तौर पर शिखर पर था, लेकिन 9 अगस्त 1940 को एक भीषण आग ने सबकुछ स्वाहा कर दिया। बी. एन. सरकार की इस सपनों की फैक्ट्री को राख में बदल दिया। जिस वक्त आग लगी, उस समय वे मोहन बागान और आर्यन क्लब के बीच फुटबॉल मैच देख रहे थे।इस दौरान किसी ने आकर उनके कान में स्टूडियो में आग लगने की खबर सुनाई। खबर सुनते ही वे तुरंत स्टूडियो की ओर भागे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पूरा प्रोडक्शन जलकर खाक हो चुका था। दशकों की मेहनत तबाह हो चुकी थी।

### स्वाहा हुआ सपना, फिर भी नहीं मानी हार

इस भयानक क्षति के बाद भी बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी। उन्होंने दोबारा स्टूडियो खड़ा किया, युवा प्रतिभाओं को मौका दिया और बिमल रॉय जैसे उभरते कलाकारों को मंच प्रदान किया। 1944 में उदयेर पथे जैसी संवेदनशील और क्रांतिकारी फिल्म से उन्होंने एक नई शुरुआत की। वह 1951 में फिल्म इंक्वायरी कमेटी के सदस्य बने, जिसकी सिफारिशों से फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) का गठन हुआ। 28 नवंबर 1980 को उन्होंने अंतिम सांस ली।



## खबर संक्षेप

### ललित मोहन पोपली प्रधान बने

**रानियां।** लायंस क्लब रानियां एक्टिव की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। कार्यकारिणी गठन को बैठक बुलाई गई। बैठक में सदस्यों ने ललित मोहन पोपली को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा। पोपली ने डॉक्टर अमित गगनेजा को सचिव, संजय अरोड़ा को कोषाध्यक्ष, प्रदीप प्रवक्ता बनाया।

### प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह निदेशक नियुक्त

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने वाणिज्य विभाग के प्रो. सुरेंद्र सिंह को सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप का अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय में कौशल विकास और उद्यमशीलता के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### इग्नू केंद्र 1085 में डीईबी आईडी कॉर्नर स्थापित

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में स्थापित इग्नू केंद्र कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि जो विद्यार्थी इग्नू के किसी भी कोर्स में दाखिला लेना चाहते हैं, उनको दाखिले के लिए रजिस्ट्रेशन करने के बाद एबीसी आईडी बनाकर डीईबी आईडी कॉर्नर बनाना अनिवार्य है।

### भाविप की नई 'राघव शाखा' की स्थापना

**फतेहाबाद।** भारत विकास परिषद की बैठक माजरा रोड स्थित बागबां में आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के प्रांतीय सरंक्षक सीपी आहुजा ने की जबकि भाविप के राष्ट्रीय संयोजक संस्कार केके अरोड़ा विशेष रूप से बैठक में मौजूद रहे। भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने फतेहाबाद शहर के बढ़ते दायरे के चलते भारत विकास परिषद की एक और शाखा की स्थापना की घोषणा की।

### 84 लाख रुपये की ठगी मामले में वांछित पकड़ा

**डबवाली।** पुलिस ने बीमा पॉलिसी में कमीशन के नाम पर धोखाधड़ी कर करीब साढ़ें 84 लाख रुपये ऐंठने के एक मामले वांछित एक आरोपी को नोएड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। डबवाली आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी वीरेंद्र गिल ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी अमित कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी नोएडा काबू कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### सरल पोर्टल से होगा प्ले स्कूल का पंजीकरण

**फतेहाबाद।** जिला फतेहाबाद में चल रहे सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण सरल पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरजीता कुमारी ने दी। जिला में सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों जिनको पंजीकरण सर्टिफिकेट प्राप्त नहीं हुआ है, को भविष्य में सरल पोर्टल पर आवदेन करना होगा।

### एक किलो गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने कार सवार एक युवक को सिरसा शहर क्षेत्र से एक किलो 135 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। एएनसी सिरसा प्रभारी राजेंद्र कुमार ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी की पहचान संजय कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक नशे की खेप लेकर गांव केलनियां की ओर जा रहा है।

### ट्रैक्टर पलटा, नीचे दबने से युवक की मौत

**फतेहाबाद।** गांव ढिंगसरा से खैरातीखेड़ा रोड पर नहर के पास मोड़ पर ट्रैक्टर अचानक पलट गया और युवक ट्रैक्टर के नीचे दब गया। लोग मौके पर पहुंचे और नीचे दबे युवक को बाहर निकाला। उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पहचान भट्टूकलां निवासी 25 वर्षीय सुनील कुमार के रूप में हुई है।

---

### एमएम शिक्षण महाविद्यालय में स्टॉफ ओरियनटेंशन कार्यक्रम

# अध्यापक समय के साथ खुद को अपडेट रखें: बत्रा

- बीएबीएडआईटेप प्रोग्राम के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में स्टॉफ ओरियनटेंशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के उप-प्रधान संजीव बत्रा ने की। उन्होंने स्टॉफ सदस्यों को प्रेरित करते हुए महाविद्यालय को मिलने वाले बी.ए.बी.एड. आई.टेप प्रोग्राम की प्रगति से अवगत करवाया और इस प्रोग्राम को लेकर स्टाफ सदस्यों के साथ विचारों को भी साझा किया।

बैठक को संबोधित करते हुए संजीव बत्रा ने कहा कि आज का समय प्रतिस्पर्धा का समय है। आज एक अध्यापक को समय के साथ-साथ अपने आप को अपडेट रखने की भी आवश्यकता है। इसके लिए स्टॉफ को अब थोड़ा ओर मेहनत करने के साथ-साथ क्लास रुम लेक्चर को किस प्रकार आकर्षक बनाया जा सकता है, इस पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि आज गूगल पर सब कुछ बहुत अधिक मात्रा में उपलब्ध है, जिसे एक विद्यार्थी जब चाहे अपनी सुविधा के अनुसार देख कर किसी भी कोर्स के पाठ्यक्रम को पूरा कर सकता है, इसलिए आज ये आवश्यक हो गया है कि हम एक क्लास रुम में विद्यार्थियों को क्या कुछ नया दे पा रहे है व किस तकनीक का उपयोग कर रहे है, इस बारे में स्वयं पर काम करना होगा। इस संदर्भ में उन्होंने विद्यार्थियों के लिए कुछ नए वैल्यू ऐडेड कोर्स को शुरु करने पर भी बल दिया। उन्होंने इस समय सभी विश्वविद्यालयों द्वारा आरम्भ किए गए भारतीय ज्ञान प्रणाली विषय से सभी को अवगत करवाया व जल्दी ही इस विषय पर राष्ट्रीय स्तर का सेमिनार आयोजित करने की बात रखी, जिसका स्टॉफ सदस्यों ने एक मत से स्वागत किया।



फतेहाबाद। एमएम शिक्षण महाविद्यालय में बैठक को संबोधित करते उपप्रधान संजीव बत्रा।

#### छोटे-छोटे उदाहरण देकर प्रकाश डाला

उन्होंने कक्षा-कक्ष में एक अध्यापक का छात्र के साथ कैसे व्यवहार होना चाहिए, पर विशेष बल देते हुए छोटे-छोटे उदाहरण देकर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. गुंजन बजाज ने आने वाले समय में अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले बदलावों से अवगत करवाते हुए प्रोफेशनल विकास के साथ-साथ व्यक्तिगत विकास पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि शोध किसी भी विश्वविद्यालय या महाविद्यालय का अहम हिस्सा होता है इसलिए हम सब को शोध के क्षेत्र में अपना-अपना योगदान देते हुए समाज व विद्यार्थियों को कुछ नया देने का प्रयास करते रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने महाविद्यालय के उप-प्रधान संजीव बतरा के साथ-साथ समस्त स्टॉफ सदस्यों का अपनी बात रखने के लिए व मार्गदर्शन देने के लिए आभार जताया।

---

# हत्या का आरोपी सतबीर रिमांड पर

- नहला गांव में बड़े भाई की हत्या के मामले में पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

नहला गांव में बड़े भाई की हत्या के मामले में आरोपी सतबीर सिंह बेनीवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा। पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी रामपाल खिलेरी ने बताया कि हत्या में उपयोग की गई लाठी की बरामदगी की जाएगी। साथ ही आरोपी की पत्नी गुड्डी देवी की भूमिका की भी जांच होगी। पुलिस यह पता लगाएगी कि क्या गुड्डी देवी ने सतबीर को उकसाया था।



भूना। बड़े भाई की हत्या का आरोपी सतबीर सिंह पुलिस गिरफ्त में।

पूछताछ में सतबीर ने बताया कि उसका बड़ा भाई रघुवीर सिंह शराब का आदी था। नशे में वह रोज उसके घर के आगे गालियां देता था। घर में जवान बेटी होने के कारण परिवार परेशान था। बुधवार रात रघुवीर गंडासा लेकर छत पर चढ़ गया और गालियां देने लगा। परिवार ने दरवाजा बंद कर लिया और सो गया। गुरुवार सुबह रघुवीर फिर शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगा। सतबीर ने बताया कि उसे गुस्सा आ गया। उसने लाठी से हाथ पर वार किया, जो सिर पर लग गया। रघुवीर जमीन पर गिर गया। सतबीर ने कहा कि उसने दूसरी लाठी नहीं चलाई। उसका इरादा भाई को मारने का नहीं था। घटना के समय परिवार का कोई और सदस्य मौजूद नहीं था। किसी ने उसे उकसाया भी नहीं। रोज-रोज के झगड़ों से वह मानसिक रूप से परेशान हो गया था।

### नकदी लूट मामले में युवक किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** लूट के एक मामले में कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान प्रगट सिंह उर्फ काका पुत्र गुरतेज सिंह, निवासी शिमलापुरी कॉलोनी, रतिया के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी उप-निरीक्षक राजबीर ने बताया कि यह मामला 21 जून को पवन कुमार पुत्र श्रीराम स्वरूप निवासी गांव भिरड़ाना की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह महावीर एंटरप्राइजेज, माजरा में कार्यरत है और घटना वाले दिन माजरा से बोहा की ओर जा रहा था।

## समस्याओं का तत्परता के साथ स्थायी समाधान करें अधिकारी

- समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक में समाधान शिविर में आई जन शिकायतों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आमजन की समस्याओं का तत्परता के साथ स्थाई समाधान करें, ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर सरकार का महत्वकांक्षी कार्यक्रम है, जोकि आमजन की समस्याओं के समाधान का एक बेहतर माध्यम बना है। इसलिए अधिकारियों की प्राथमिकता नागरिक की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की हो। साथ ही यह जरूर ध्यान दें कि समस्या का स्थायी समाधान हो। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में आई शिकायतों पर समय-समय पर समीक्षा की जाती है, ताकि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार का विलंब न हो।

---

### लख्मीचंद के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**भट्टूकलां।** खंड के गांव ढांड निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व चेयरमेन व पूर्व सरपंच लख्मी चंद के निधन पर उनके निवास पर उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा हुआ है। शोक प्रकट करने वालों में अनेक धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व अन्य समाजसेवी संस्थाओं व खंड के सभी सरपंचों व मौजिज लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

85 वर्षीय लखमी चंद गांव के 27 वर्ष तक सरपंच रहे और गांव में अनेक विकास कार्य करवाए वहीं कांग्रेस राज में वह भट्टूकलां मार्केट कमेटी के चेयरमेन के पद पर भी रह चुके हैं। मिलनसार व स्पष्ट वक्ता के तौर पर लख्मीचंद ने हर दुःख तकलीफ में लोगों का सहारा बने, जिस कारण आज भी पूरे गांव में आसपास के क्षेत्र के लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंच रहे हैं।

## बिजली दरों में वृद्धि सरकार की जनविरोधी नीतियों का प्रतिबिंब

- बहुजन समाज पार्टी हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष ने लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बहुजन समाज पार्टी हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. कृष्ण जमालपुर ने राज्य सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2025 से बिजली दरों में की गई 30 प्रतिशत तक की अत्यधिक वृद्धि को गंभीर रूप से निंदनीय, जनविरोधी और असंवेदनशील बताया है।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय हरियाणा की आम जनता, विशेषकर गरीब, किसान, मजदूर, श्रमिक और नि न आयवर्ग के उपभोक्ताओं पर एक सीधा आर्थिक प्रहार है। राज्य सरकार द्वारा लागू की गई नई बिजली दर संरचना के तहत स्लैब प्रणाली में बदलाव, प्रति यूनिट दरों में तीव्र वृद्धि और 50 यूनिट से कम खपत करने वाले गरीब उपभोक्ताओं पर भी फिक्स चार्ज लागू करना यह सब दर्शाता है कि सरकार जनसुविधाओं को मुनाफे का स्त्रोत बना रही है। डॉ. कृष्ण ने खुले तौर पर कहा कि जब देश पहले ही बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असमानता के संकट से गुजर रहा है, तब बिजली जैसी अनिवार्य सेवा पर इस प्रकार का बोझ डालना भाजपा सरकार की जनविमुख सोच और संवेदनहीन शासन शैली को उजागर करता है। बहुजन समाज पार्टी हरियाणा मांग करती है कि बिजली दरों में की गई वृद्धि को अविलंब रद्द किया जाए, निम्न आयवर्गीय उपभोक्ताओं से फिक्स चार्ज की व्यवस्था समाप्त की जाए।

# साइबर अपराधों के बारे में बताया

- मताना में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचने के लिए किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

साइबर अपराधों को रोकने के लिए जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत गांव मताना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में साइबर पुलिस थाना फतेहाबाद की तरफ से जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर साइबर थाना फतेहाबाद से सब इंस्पैक्टर सतीश वर्मा और सब इंस्पैक्टर मंगल सिंह ने भाग लिया वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा मताना ने की। उन्होंने वक्ताओं का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया।




फतेहाबाद। गांव मताना में पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करते सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा। फोटो : हरिभूमि

सेमिनार में विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी के बारे में सब इंस्पेक्टर सतीश वर्मा और सब इंस्पेक्टर मंगल सिंह द्वारा विस्तार से बताया गया ताकि बच्चे ऑनलाइन होने वाले अपराध से बच सकें और अपने अभिवावकों को भी इस अपराध के बारे में सावधान कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया पर अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने, ओटीपी साझा करने, फर्जी कॉल्स और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने जैसी गतिविधियों के संभावित खतरों से अवगत कराया और इनसे बचने की सलाह दी। ग्राम पंचायत मताना के सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा, स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों ने साइबर जानकारी के लिए आए हुए वक्ताओं का धन्यवाद किया। अंत में

### स्कूटी सवार 108 बोतल अवैध शराब सहित काबू

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान इंद्रपुरी मौहल्ला से स्कूटीअ सवार युवक को 108 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है।

शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान जब इंद्रपुरी मौहल्ला के पास पहुंची तभी स्कूटी पर सवार एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 108 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान बसंत कुमार पुत्र सुकर यादव निवासी थेहड़ मौहल्ला सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

---

## तैराकों ने जिला स्तरीय स्पर्धा में लहराया परचम

- 5 स्वर्ण पदक जीतकर सर्वश्रेष्ठ तैराक बनी अनुष्का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

गिल स्वीमर्स क्लब द्वारा आयोजित 7वीं सब जूनियर, जूनियर, सीनियर जिला स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप में दी आर्यन स्कूल के साथ मिलकर काम कर रही स्पोर्ट्स अकादमी ऑफ इंडिया के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। अकादमी हैड अनिल चौधरी ने बताया कि स्विमिंग प्रतियोगिता में अनुष्का ने 5 स्वर्ण पदक सहित सर्वश्रेष्ठ तैराक का पुरस्कार जीता, वहीं याना ने स्वर्ण, रूबानी ने 2 स्वर्ण, रजत व कांस्य, जहाना ने स्वर्ण, नमित ने रजत और कांस्य, महरीत ने स्वर्ण, आरोही ने रजत पदक, अमायरा ने कांस्य पदक, अगम ने कांस्य पदक, कुश ने कांस्य पदक, अदब ने कांस्य पदक जीतकर अकादमी का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि बहुत ही कम समय में अकादमी के बच्चों ने जिला स्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इस मौके पर अकादमी के डायरेक्टर अशोक और आनंद सिन्हा ने स्विमिंग कोच कुसुम के साथ-साथ शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि अकैडमी भविष्य में भी और भी बेहतर तरीके से प्रशिक्षण देकर बच्चों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेलों तक पहुंचाने का काम करेगी।

# स्वामी विवेकानंद को किया याद

- पुण्यतिथि पर प्रार्थना सभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर प्रार्थना सभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। विद्यालय परिवार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों और उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्य शुभकरण शर्मा ने छात्रों को स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करने तथा जीवन में उनके सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारतीय युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेंगे। एनएसएस प्रभारी नरेश कुमार ग्रोवर ने स्वामी जी के ऐतिहासिक 1893 के शिकागो विश्व धर्म महासभा के उस यादगार क्षण को साझा किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और उनके 12 मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला, जिनमें आत्मविश्वास, कर्म, राष्ट्र सेवा, शिक्षा और अध्यात्म की प्रधानता रही। मौके पर प्रकाश सिंह, मनीष कुमार, प्रवीण कुमार, भारत भूषण, रोहित, संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, सुखविंद्र सिंह, देशराज, दलजीत सिंह, गौरव, सुनील खुराना, ऋतु, सुनीता कोहली, रचना मेहता, सरोज मेहता, पायल, सपना, मीनू, सुरेंद्र शास्त्री, मुंशी राम, प्रिंस, विनीत आदि मौजूद थे।




सिरसा। स्कूल में कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं पर चलने का संकल्प लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

## नहर में गिरे युवक का दूसरे दिन भी नहीं लगा कोई सुराग

- गोताखोरों की टीम भी नहर में बहे युवक की तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बीघड़ हेड के नजदीक गांव ढांड व धारणिया के बीच नहर में गिरे हिसार जिले के मंडी आदमपुर निवासी 35 वर्षीय युवक का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका है। युवक की तलाश के लिए जहां शुक्रवार को नहर में जगह-जगह जाल लगाए गए वहीं गोताखोरों की टीम भी नहर में बहे युवक की तलाश में जुटी है लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चल पाया है।

मिली जानकारी के अनुसार, हिसार जिले के मंडी आदमपुर स्थित ऑटो मार्केट के निवासी सुरजीत कंबोज का 35 वर्षीय बेटा कुलदीप गुरुवार दोपहर बाद नहर में गिर गया था। उसकी बाइक नहर के किनारे खड़ी मिली थी। उसी समय से कुलदीप की तलाश जारी है। मगर अभी तक कुलदीप का कोई सुराग नहीं लगा है। उसके परिजन, पुलिसकर्मी और आसपास के ग्रामीण उसे ढूंढने में मदद कर रहे हैं। युवक को ढूंढने के लिए पांच गोताखोर नहर में उतरे हुए हैं। इन गोताखोरों द्वारा आठ किलोमीटर दूर तक तलाश की जा रही है। युवक के नहर में गिरने के स्थान से गोताखोर शुरू हुए हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार को इस नहर में पानी की बंदी होगी।

---

### श्रीकृष्ण की लीलाएं आलौकिक शक्ति

**सिरसा।** कृष्ण की बंसी की लीलाओं का आध्यात्मिक महत्व गहरा और बहुआयामी है। भगवान श्रीकृष्ण की बंसी उनकी दिव्य शक्ति, प्रेम और आकर्षण का प्रतीक है। इसे केवल एक वाद्य यंत्र नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोडऩे का एक माध्यम माना जाता है। कृष्ण की बंसी की मधुर धुन गोपियों, जीवों और समस्त सृष्टि को उनकी ओर आकर्षित करती है। यह भगवान के प्रति निश्छल भक्ति और प्रेम का प्रतीक है। सेक्टर-20 स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के 15वें स्थापना दिवस समारोह पर आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण साप्ताहिक कथा के पांचवे दिन वृंदावन से आए कथा व्यास ललित किशोर व्यास ने भगवान विष्णु के श्रीकृष्ण अवतार की कथा के दौरान उक्त उद्गार व्यक्त किए।

**जागरूक** राष्ट्रीय सेवा योजना के साहसिक शिविर में फतेहाबाद के वॉलिंटियर्स ने लिया भाग

# साहसिक गतिविधियों में भाग लेकर स्वयं को तन, मन से मजबूत बनाने का प्रयास करें

- शिविर में शिला अवरोहण, रैपलिंग, जुमेरिंग, फोरेस्ट ट्रेकिंग, पर्वतारोहण, बचाव प्रबंधन इत्यादि गतिविधियों का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के तत्वाधान में हरियाणा एनएसएस सेल के द्वारा आयोजित 10 दिवसीय साहसिक शिविर में अलग-अलग जिलों से 51 स्वयंसेवक तथा 3 कार्यक्रम अधिकारियों ने हिमाचल के कांगड़ा जिले की धर्मशाला तहसील के मैक्लोडगंज में स्थित अटल बिहारी वाजपेई क्षेत्रीय पर्वतारोहण प्रशिक्षण केंद्र में विभिन्न साहसिक गतिविधियों में भाग लिया। 24 जून से शुरू हुए इस शिविर में शिला अवरोहण, रैपलिंग, जुमेरिंग, फोरेस्ट ट्रेकिंग, पर्वतारोहण, बचाव प्रबंधन इत्यादि गतिविधियों द्वारा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



फतेहाबाद। राष्ट्रीय सेवा योजना के साहसिक शिविर में भाग लेते फतेहाबाद के वॉलिंटियर्स। फोटो : हरिभूमि

#### स्वयंसेवकों को संदेश दिया

राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य अधिकारी दिनेश कुमार ने स्वयंसेवकों को संदेश दिया कि वे साहसिक गतिविधियों में भाग लेकर स्वयं को तन, मन से मजबूत बनाने का प्रयास करें ताकि राष्ट्र निर्माण में अपना विशेष योगदान दे सकें। उन्होंने बताया कि यह शिविर पूर्णतः हरियाणा सरकार द्वारा वित पोषित है। शिविर में जिला फतेहाबाद के अलग-अलग खंड से 6 छात्राएं निधि, मीनाक्षी, रितु राज, कृष्णा, मानवीन तथा अमनप्रीत शामिल हुई जिन्होंने साहसिक शिविर का लुत्फ उठाते हुए पहाड़ी क्षेत्र का भरपूर आनंद उठाया। जिला एनएसएस समन्वयक रोहताश कड़वासरा ने बताया कि शिविर के लिए जिले के अलग-अलग ब्लॉक से एनएसएस स्वयंसेवकों का चयन किया गया ताकि सरकार द्वारा आयोजित ऐसे साहसिक शिविर में सभी को भाग लेने का मौका मिल सके।

### फतेहाबाद से ट्रैक्टर व दो मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** जिले में सक्रिय वाहन चोर गिरोह ने अलग-अलग स्थानों से एक ट्रैक्टर और दो बाइक चोरी कर लिए। पहले मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में सिरसा जिले के गांव शेरपुरा निवासी अमन कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह मोटरसाइकिल से फतेहाबाद के सुंदर नगर में आया था। वहां किसी काम से चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो गायब मिली। उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर बाईक की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में भट्टूकलां पुलिस ने भट्टूकलां निवासी मुकेश की शिकायत पर उसका मोटरसाइकिल चोरी होने बारे केस दर्ज किया है। एक अन्य मामले में जाखल पुलिस ने गांव चांदपुरा निवासी हरदीप सिंह की शिकायत पर गांव से ही करीब तीन लाख रुपये कीमत का उसका ट्रैक्टर चोरी होने बारे केस दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### गांजा तस्करी में तीसरे आरोपी भी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भूना पुलिस ने गांजा एवं देशी शराब तस्करी के प्रकरण में तीसरे आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संदीप पुत्र भागीरथ, निवासी टिब्बी के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पुलिस इससे पूर्व एक महिला आरोपी सहित दो अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। भूना थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में 18 मई को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गौरव पुत्र जांगी राम, निवासी धारसूल खुर्द हाल निवासी टिब्बी, फतेहाबाद को गिरफ्तार किया था।

### ट्रैक्टर चोरी के आरोपी को मात्र तीन घंटे में दबोचा

**फतेहाबाद।** ट्रैक्टर चोरी के एक मामले में फरार आरोपी को जाखल पुलिस ने मात्र तीन घंटे में धर दबोचा और चोरीशुदा ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरजिंदर सिंह उर्फ राजू पुत्र बंता सिंह निवासी मखोसर कलां, जिला पटियाला के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि वह ट्रैक्टर को बेचने की फिराक में था। जाखल थाना प्रभारी उप-निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता हरदीप सिंह पुत्र कपूर सिंह निवासी गांव चादूपुरा, ने 3 जुलाई को थाना जाखल में शिकायत दी थी कि दिन के समय उसका ट्रैक्टर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया।

### तस्करी में राजस्थान से एक और युवक काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों और उनके सप्लायरों के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस का अभियान जारी है। इसी क्रम में एंटी नारकोटिक्स सेल ने हाल ही में 35 लाख रुपये मूल्य के डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार दो आरोपियों से पूछताछ के आधार पर राजस्थान के जोधपुर जिले से एक और सप्लायर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जोर राम पुत्र भरमल, निवासी खेत ढाणी, नंदिया प्रभावती, जोधपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। इस मामले में अब तक कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### टोहाना पुलिस ने बाइक चोर को पंजाब से पकड़ा

**टोहाना।** लगभग चार साल पहले बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने से बाइक चोरी के मामले में शहर पुलिस ने पंजाब के संगरूर जिले के गांव बौपुर निवासी विकास को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है ताकि अन्य वारदात बारे भी पता किया जा सके। थाना शहर प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि 24 मार्च 2021 को पुरानी सब्जी मंडी निवासी सुखदेव सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, उन्होंने अपनी बाइक बैंक ऑफ बड़ौदा के पास घर के बाहर खड़ी की थी, जो कुछ समय बाद चोरी हो गई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की।
जांच अधिकारी एएसआई जयदीप ने तकनीकी साक्ष्य एवं अन्य सुरागों के आधार पर आरोपी की पहचान

### मोडिफाइड साइलेंसरों पर चलाया रोड रोलर

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस ने एक प्रभावशाली कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस अभियान के तहत बुलेट मोटरसाइकिलों में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज उत्पन्न कर आमजन को परेशान करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की गई है। पुलिस ने इन मोटरसाइकिल चालकों से 30 अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए, जिन्हें शुक्रवार को सार्वजनिक रूप से रोड रोलर से नष्ट कर दिया गया। यातायात पुलिस की यह कार्रवाई न केवल नियम तोड़ने वालों को कड़ा संदेश देती है, बल्कि इससे यह भी स्पष्ट होता है कि फतेहाबाद पुलिस नागरिकों की शांति और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

---

### भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डा. लिवलीन शुक्ला ने कहा

# पराली प्रबंधन में कारगार साबित हो रही डी कम्पोजर की नई तकनीक

डी-कंपोजर का छोटा पैक धान की पराली और अन्य जैविक अवशेषों के अत्यधिक प्रभावशाली है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करती डा. लिवलीन शुक्ला। फोटो : हरिभूमि

भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डा. लिवलीन शुक्ला ने कहा कि पराली प्रबंधन को लेकर सरकार की ओर से किसानों के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई है। वहीं भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र सिरसा में एमडी बायोकॉल के साथ मिलकर पराली प्रबंधन को लेकर नए-नए प्रयोग कर किसानों की समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत है। डा. लिवलीन शुक्ला शुक्रवार को सिरसा में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से रूबरू हो रही थी। डा. शुक्ला ने कहा किं एक नया केमिकल तैयार किया गया है, जोकि पराली को बहुत कम समय में गलाकर खाद में परिवर्तित करेगा, जिससे किसानों की पराली प्रबंधन की समस्या समाप्त हो जाएगी। डा. शुक्ला ने बताया कि सर्वप्रथम यह दवा हरियाणा व पंजाब के एक-एक हजार किसानों को दी जाएगी। जिसके लिए उन्हें ऑनलाइन एमडी बायोकॉल की साइट पर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। यह डी-कंपोजर का छोटा पैक धान की पराली और अन्य जैविक अवशेषों के तीव्र अपघटन में अत्यधिक प्रभावशाली है। इसके प्रयोग से पराली जलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे वायु प्रदूषण में कमी आएगी और मृदा की उर्वरता तथा जैविक गुण बेहतर होंगे। डा. शुक्ला ने बताया कि यह उत्पाद बहुत कम मात्रा में उपयोग के बावजूद अधिक प्रभावशाली है।गांव फरवाई कलां के किसान राजेंद्र कुमार ने बताया कि उसके पास 20 एकड़ जमीन है, उसने पिछले साल 10 एकड़ में दवा का प्रयोग किया था, जिसका परिणाम बहुत अच्छा रहा। फसल के उत्पादन में भी बढ़ोतरी हुई। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे इस दवा को अपनाकर अपनी पराली प्रबंधन की समस्या के साथ-साथ फसल का उत्पादन भी अधिक ले सकेंगे।

#### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल

डा. शुक्ला ने बताया कि यह कदम सतत कृषि, खेतों में जैविक अवशेष प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसमें कोई ऐसा केमिकल नहीं है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति पर कोई नकारात्मक प्रभाव पड़े। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे एक बार इस उत्पाद को अपनाएं, जिससे उनकी समस्या का समाधान हो जाए। इस मौके पर एमडी बायोकॉल के डायरेक्टर राजेश सचदेवा ने बताया कि एमडी बायोकॉल पूर्व में भी किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार प्रयास कर रहा है। खेती की लागत कम कर अधिक मुनाफा कमाने के कारगर उपाय तलाशे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शुरू में कैप्सूल तैयार किए गए थे, जोकि पानी में मिक्स कर छिड़काव करना पड़ता था। इसके बाद एक पाऊडर तैयार किया गया, जिसका भूमि में छिड़काव करना पड़ता था, लेकिन उसमें समय अधिक लगता था, लेकिन उपाय कारगर था। नवनिर्मित केमिकल की 250 ग्राम दवा से एक एकड़ भूमि की पराली को गलाया जा सकता है, जिससे किसानों की आर्थिक नुकसान भी कम होगा और उनकी भूमि की उर्वरा शक्ति भी नहीं कम होगी। पर्यावरण के लिए भी यह अधिक कारगर है।

---

# महिला कॉलेज की छात्राओं का रहा सराहनीय प्रदर्शन

- चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा द्वारा जारी किए गए विभिन्न संकायों के परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा द्वारा जारी किए गए विभिन्न संकायों के परीक्षा परिणामों में राजकीय महिला महाविद्यालय, सिरसा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि देविवि द्वारा जारी बीए टॉप 10 मेरिट लिस्ट में उनके कॉलेज की छात्रा शर्मिला ने द्वितीय स्थान, अनुप्रिया ने तृतीय स्थान, प्रियंका ने चौथा व रवीना ने पंचम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह बीबीए में कुलविंद्र कौर ने द्वितीय स्थान, अंशिता ने सातवां तथा वैशाली ने नौवां स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में बीकॉम में पूजा रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. सज्जन कुमार ने इसे छात्राओं तथा प्राधयापकों की सांझी उपलब्धि बताते हुए छात्राओं के शिक्षा, संस्कार और परिश्रम तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन की भरपूर प्रशंसा की। उन्होंने छात्राओं के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कहा कि यह सफलता छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय में संचालित गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है और उन्होंने इसे एकेडमिक उपलब्धियां का एक विशिष्ट सोपान बताया। उन्होंने इस परीक्षा परिणाम को महाविद्यालय की शिक्षण मूल्य के प्रति प्रतिबद्धता का सूचक भी बताते हुए टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों व छात्राओं को बधाई दी।

#### दूसरी सूची जारी

सिरसा। राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में सत्र 2025-2026 के लिए विभिन्न कोर्सेज में प्रवेश के लिए उच्चतर शिक्षा निदेशालय पंचकुला द्वारा शुक्रवार को दूसरी मेरिट सूची जारी कर दी गई। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया जिन छात्राओं के नाम दूसरी मेरिट सूची आया है, उन्हें फीस भरने के लिए आगामी 7 जुलाई 2025 तक का समय दिया गया है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में नवागुंतक छात्राओं के दस्तावेज जमा के लिए महाविद्यालय प्रशाशन द्वारा हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है जिसमें दाखिला समितियों के सदस्यों द्वारा छात्राओं के दस्तावेज जमा किए जा रहे हैं।

---

# पूंजीपति घरानों पर मेहरबान है सरकार: सुरजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। बैठक में सरकार के खिलाफ रोष जाहिर करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की बैठक पंजुआना सब डिवीजन में हुई। राज्य उप प्रधान बाबू लाल, मुख्य सलाहकार सुरजीत सिंह बेदी ने बताया कि केंद्र सरकार पूरे देश के बिजली ढांचे को बड़े-बड़े पूंजीपत्तियों के हाथों में सौंपने का काम कर रही है, उन्हें सस्ते दामों पर बड़े मुनाफे के लिए अपनी चहेती कंपनियों को जनता व कर्मचारी के विरोध के वजूद भी जबरदस्ती निजी हाथों देने का काम कर रही है। बिजली क्षेत्र प्राइवेट कंपनी ऊपर जाने के बाद बिजली गरीब व आम आदमी की पहुंच से बाहर हो जाएगी। बिजली पर प्राइवेट कंपनियों का कब्जा होने के बाद देश का औद्योगिक क्षेत्र बर्बाद होने की कगार पर पहुंच जाएगा। अनाज उत्पादन पर भी असर पड़ेगा, पावर बिल 2023 को सरकार मौजूदा संसद में पास करके अपने जिम्मेदारियों से पीछा छुड़ाने का काम कर रही है। यूनियन की कई बार मीटिंग मुख्य अभियंता के साथ हो चुकी है, हर मीटिंग में आश्वासन दिया जाता है कि रुकी हुई सभी कर्मचारियों की प्रमोशन जल्द कर दी जाएगी, लेकिन अभी तक नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की तमाममांगों को लेकर आगामी 7 जुलाई को हेड ऑफिस पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिजली निगम के कर्मचारी कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का करने, पुरानी पेंशन को लागू करने सहित तमाम मांगों को लेकर किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, आम जनता आगामी 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे। इस मौके पर सुखदेव सिंह, जसकरण सिंह, विनोद गिर, गंगाराम, सुनील, शिव चरण, विजय सिंह, दीपक, गुरमीत सिंह, राम निवास, सुनील ढालू, सुरेंद्र, कुलदीप, प्रवेश सहित अन्य कर्मचारियों मौजूद थे।

---

# नशामुक्ति अभियान: रताखेड़ा व बहबलपुर में 20 ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग कर औषधि वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग करते नशामुक्ति टीम इंचार्ज एएसआई सुंदर सिंह। फोटो : हरिभूमि

एसपी सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशन में फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशा मुक्ति एवं जन-जागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से निरंतर रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज एएसआई सुंदर सिंह के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने गांव रताखेड़ा व बहबलपुर का दौरा किया, जहां ड्रग पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर उनके पुनर्वास की दिशा में सराहनीय कार्य किया गया। टीम ने गांवों में 01 नव-चिन्हित एवं 19 पूर्व चिन्हित नशा पीड़ितों से संपर्क कर डोजियर फॉर्म भरवाए, जिससे उनकी सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक स्थिति की विस्तृत जानकारी संकलित की गई। इसके उपरांत, इन सभी व्यक्तियों की व्यक्तिगत काउंसलिंग की गई, जिसमें उन्हें नशा छोड़ने हेतु प्रेरित किया गया तथा नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सभी पीड़ितों को निःशुल्क होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक औषधियां प्रदान की गई, जिससे उन्हें नशे की आदत से बाहर निकलने में सहयोग मिल सके। पुलिस टीम ने उनके परिजनों को भी संकल्पित किया कि वे निरंतर सहायक भूमिका निभाएं तथा इन व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से पुनः जोड़ने में सहयोग करें। फतेहाबाद पुलिस का यह प्रयास केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन और पुनर्निर्माण की दिशा में एक मानवीय पहल है।

---



भूना। विद्यार्थियों को बैग वितरित करते हुए डीईओ संगीता बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

# स्किल डेवलपमेंट पर कार्यक्रम स्कूल में 100 बच्चों को मिले बैग

**भूना।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल भूना में शुक्रवार को नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के तहत कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई रही वहीं विशिष्ट अतिथि धर्मपाल गोस्वामी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य नरेश शर्मा ने की। कार्यक्रम में पीसीए और पीएसआर योगा ट्रेड के 100 विद्यार्थियों को स्कूल बैग दिए गए। डीईओ संगीता बिश्नोई ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उनके सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में ब्रॉड नॉलेज के साथ व्यावहारिक दक्षता जरूरी है। इससे विद्यार्थी आत्मनिर्भर बनते हैं। डीईओ ने कक्षाओं का निरीक्षण किया और स्कूल की सफाई, अनुशासन और शैक्षणिक माहौल की सराहना की। शिक्षकों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने की सलाह दी। प्राचार्य नरेश शर्मा ने डीईओ को स्कूल की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनएसक्यूएफ एक राष्ट्रीय रूपरेखा है। इसके तहत विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण मिलता है। इससे वे उद्योगों की जरूरतों के अनुसार तैयार होते हैं। इस अवसर पर पीसीए इंचार्ज सुमन कंबोज,


भूना। क्वालीफाई खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए अकादमी संचालक।

# भूना अकादमी के 9 खिलाड़ियों ने प्री नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

**भूना।** दिल्ली में हुई 10वीं हरियाणा स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में शाइन स्टार डिफेंस एंड स्पोर्ट्स अकादमी भूना के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अकादमी के 10 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें से 9 खिलाड़ियों ने प्री नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। यह प्रतियोगिता 1 जुलाई से 10 जुलाई तक दिल्ली में होगी। भूना के खिलाड़ियों का मुकाबला 2 और 3 जुलाई को हुआ। शूटिंग में शानवी ने सबसे ज्यादा स्कोर किया। उसने 400 में से 382 अंक हासिल किए। पूजा ने 365 अंक लेकर दूसरा स्थान पाया। तीसरे स्थान पर लक्षय रहा, जिसने 352 अंक बनाए। राइफल और पिस्टल स्पर्धा में रितेश, नील सुथार, समीर, विराट, विवेका, हर्ष और हर्ष मील ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। अकादमी की मैनेजिंग डायरेक्टर मनप्रीत कौर और स्टाफ ने कोच विशाल सोलंकी और खिलाड़ियों का स्वागत किया। सभी को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शुक्रवार को जब खिलाड़ी भूना लौटे तो उनका भव्य स्वागत किया गया। मनप्रीत कौर ने सभी को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। डायरेक्टर प्रेम सिंह नैन, रामलाल लहरियां, राजेश कुमार और कविता नैन ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

---

# पुलिस ने गुम हुए 6 मोबाइल फोन ढूंढकर मालिकों को सौंपे, लोगों ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन लौटाते एसपी सिद्धांत जैन।

फतेहाबाद पुलिस ने साइबर सेल के माध्यम से न केवल गुमशुदा मोबाइल खोजने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, बल्कि लोगों के विश्वास और उम्मीदों को भी फिर से जगाया है। बीते दो माह में साइबर सेल द्वारा 96 मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लाखों रुपये है, उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए गए हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को 6 महंगे स्मार्टफोन, जिनकी कुल कीमत लगभग 5 लाख रुपये आंकी गई है, उनके मालिकों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में सौंपे गए। साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार एवं एएसआई रामनरेश के नेतृत्व में टीम ने शिकायतों और आईएमईआई नंबर के आधार पर मोबाइल फोन को ट्रेस किया। लोकेशन की पुष्टि होने के बाद संबंधित नागरिकों से संपर्क कर मोबाइल उन्हें विधिसम्मत तरीके से लौटाए गए। एसपी सिद्धांत जैन ने मोबाइल फोन सौंपे। मोबाइल पाकर नागरिकों के चेहरों पर संतोष और आभार की स्पष्ट झलक देखने को मिली। मोबाइल प्राप्त करने वाले नागरिकों में गांव बीघड़ निवासी बंसीलाल, कृष्ण कुमार निवासी बड़ोपल, चरण सिंह निवासी बलियावाला, शत्रुधन निवासी ढिंगसरा, राजेंद्र कौर निवासी खूनन तथा तारा राम निवासी अहरवां शामिल रहे। इन्हें मोबाइल वापसी के इस संवेदनशील प्रयास के लिए फतेहाबाद पुलिस का धन्यवाद करते हुए जनहित में एक अनुकरणीय पहल बताया।

---

# आईआईटी की स्थापना को लेकर सीएम से मिले समाजसेवी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा । सीएम को मांग पत्र सौंपते समाजसेवी टक्कर।

समाजसेवी रणजीत सिंह टक्कर ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और आईआईटी को सिरसा में स्थापित करने के लिए विभिन्न संस्थाओं की तरफ से मांग पत्र सौंपा और मांग की कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान को सिरसा में स्थापित किया जाए। इसके अतिरिक्त निफा गो ग्रीन अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण करना, नशे को पूर्ण रूप से खत्म करना, स्कूल-कॉलेज आदि सरकारी संस्थानों में बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाना, पीने के पानी सफाई व्यवस्था आदि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। निफा महासचिव दलबीर सिंह ने बताया कि टीम निफा विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर आईआईटी की मांग को सिरसा में स्थापित करने के लिए विभिन्न माध्यमों से सरकार तक अपनी आवाज पहुंचा रही है। बाबा साईनाथ बुक बैंक, गार्गी फाउंडेशन, श्री प्राचीन गौशाला सिरसा, यूथ क्लब, मातृभूमि वेलफेयर सोसाइटी, सीनियर सिटीजन पेंशनर्स आदि के माध्यम से लगातार मांग कर रहे हैं।

---

## एनीमिया उन्मूलन के लिए 31 जुलाई तक जिलेभर में चलेगा अभियान

# पानी व फलों का सेवन आयरन की कमी से बचने में मददगार

- एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर लघुसचिवालय में एडीसी वीरेंद्र सहरावत की अध्यक्षता में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

एनीमिया मुक्त भारत के तहत एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को लघुसचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान जिला में 31 जुलाई तक चलने वाले एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में एडीसी वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि इस अभियान में सभी विभागों को तालमेल के साथ काम करना होगा और जागरूकता कार्यक्रम भी चलाना होगा। अभियान के तहत 6 आयु वर्ग 6-59 महीने के बच्चे, 5-9 साल के बच्चे, 10-19 साल के किशोर- किशोरी, महिलाएं, गर्भवती महिलाएं और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को शामिल किया गया है।सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र भादू ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में पानी और फलों का सेवन करना भी आयरन की कमी से बचने में मदद कर सकता है।

उन्होंने बताया कि किसी को आयरन की कमी से संबंधित समस्याएं है तो उन्हें तुरंत चिकित्सा सलाह लेनी चाहिए। वहीं उप सिविल सर्जन (एनएचएम) डॉ. राजेश चौधरी ने अधिकारियों से अपील की कि इस कार्यक्रम में सभी अधिकारी स्वास्थ्य विभाग का पूरा सहयोग दें, ताकि एनीमिया को जड़ से खत्म किया जा सके।

#### मौजूद रहे

एनीमिया मुक्त भारत की नोडल अधिकारी डॉ. आशा जिंदल ने बताया कि प्रदेश सरकार ने एनीमिया मुक्त हरियाणा की शुरूआत की है जिसमें विभिन्न आयु समूह में एनीमिया की रोकथाम और उपचार पर ध्यान दिया जाएगा। डॉ. आशा जिंदल ने बताया कि 11 ग्राम से कम एचबी पाए जाने वाले व्यक्ति को एनीमिया की श्रेणी में रखा जाएगा। 7 ग्राम से कम एचबी पाए जाने पर गंभीर एनीमिया की श्रेणी में रखा जाएगा। बैठक में पीओ-आईसीडीएस सुदेश कुमारी, उप सिविल सर्जन डॉ. संदीप सिंह, डॉ. भारत भूषण मित्तल, बीईओ कृष्ण लाल, बीईओ राजकुमार, बीईओ विजय कुमार, बीईओ विक्रमजीत, अर्बन हेल्थ कंसलटेंट सूर्यकांत, जिला आशा समन्वयक अनिल मलिक, किशोरावस्था परामर्शदाता कमल कक्कड़, रोहित कुमार रीजनल कोऑर्डिनेटर पंचकूला सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।